25/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

भारत ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान को सलाह दी जानी चाहिए की वह आतंक की फैक्ट्रिया बंद करे जो जम्मू-कश्मीर में सीमापार से आतंकी हमले करवाती हैं। भारत ने कहा कि पाकिस्तान का इतिहास है कि वह आतंकवादियों को मदद और पनाह देता रहा है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कल जेनेवा में अन्तर्संसदीय संघ की 148वीं सभा के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ उत्तर देने के अपने अधिकार में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों की विशाल संख्या को सहायता और पनाह देने का घृणित रिकॉर्ड है। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक आतंक का चेहरा ओसामा-बिन-लादेन भी पाकिस्तान में ही था। भारतीय क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान की टिप्पणियों को खारिज करते हुए उपसभापति ने कहा कि अगर लोकतंत्र के बारे में बहुत खराब रिकार्ड रखने वाला कोई देश भाषण देता है तो हंसी आती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत विश्व में सबसे बडा लोकतंत्र है और कई देश भारत के लोकतंत्र मॉडल का अनुसरण करते हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए राज्य सभा के उपसभापति ने कहा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था की लफ्फाज़ी और दुष्प्रचार से तथ्यों को गलत साबित नहीं किया जा सकता।

0000000000000000000000

देशभर में आज रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं और मिठाईयां बांटते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है, जो जीवन में उत्साह और उम्मीद लाता है। उन्होंने कहा कि होली के विभिन्न रंग, देश की विविधता का प्रतीक है और यह त्यौहार लोगों के बीच स्नेह, एकता और भाईचारे को बढावा देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई  कि होली, सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। 0000000000000000000000

इधर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के.टी. परनायक ने होली के त्योहार पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि होली वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, एक ऐसा मौसम, जब प्रकृति अपनी सुंदरता और भव्यता को चारों ओर रंगीन फुहारों के साथ प्रकट करती है, जिससे जीवन के प्रति जोश और उत्साह फिर से जागृत होता है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी राज्य के लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। एक संदेश में उन्होंने कहा कि होली हमारे देश में अत्यधिक सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व रखती है और यह हमें एकता, खुशी और एकजुटता की भावना सिखाती है और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

0000000000000000000000

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने कानूनी जागरूकता के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि नागरिकों को दिए गए कई अधिकारों के बावजूद, जागरूकता की कमी अक्सर उन्हें इन लाभों से वंचित कर देती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत तवांग के कालावांगपो कन्वेंशन हॉल में आयोजित एक दिवसीय मेगा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जो अरुणाचल प्रदेश राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और तवांग के जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया था। गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई, जो APSLSA के मुख्य संरक्षक भी हैं, ने किसानों, महिलाओं और पीड़ितों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की, जबकि गौहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुमन श्याम ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 पर विस्तार से चर्चा की।

0000000000000000000000

अनिनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतियोगी एरी तायु ने रविवार को राज्य कांग्रेस पार्टी से अपने इस्तीफे की घोषणा की और चयनित उम्मीदवारों की सूची से अपना नाम वापस ले लिया। श्री तायु ने अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी और दिबांग वैली जिला कांग्रेस इकाई को लिखे पत्र में अपने कदम के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक ताकाम पारियो भी कुछ दिन पहले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पालिन निर्वाचन क्षेत्र से अपना कांग्रेस टिकट छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

0000000000000000000000

तवांग जिला स्वास्थ्य सोसायटी ने रविवार को तवांग के खांद्रो द्रोवा जांगमो जिला अस्पताल में राष्ट्रीय टीबी दिवस मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए, एडीसी तवांग सांग खांडू ने विशेष रूप से पीआरआई सदस्यों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भागीदारी के माध्यम से टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, जबकि जिला टीबी नियंत्रण अधिकारी डॉ. उर्गेन ल्हामू ने निक्षय मित्रों को उनकी भूमिका के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मासिक भोजन टोकरी के माध्यम से रोगियों को अतिरिक्त पोषण सहायता उपलब्ध कराई जाती है। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पीएमडीटी टीबी/एचआईवी समन्वयक फुरपा रिनचिन ने कार्यक्रम में टीबी रोगियों के लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

0000000000000000000000

चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क विकलांगता वाले विकलांग व्यक्ति घर से मतदान कर सकते हैं। हर मतदान केंद्र पर स्वयंसेवक और व्हीलचेयर उपलब्ध रहेंगे। मतदान निकाय विकलांग व्यक्तियों और बुजुर्गों के लिए परिवहन सुविधाओं की भी व्यवस्था कर रहा है। आयोग ने विकलांग व्यक्तियों के लिए आसान मतदान की सुविधा और मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सक्षम ऐप लॉन्च किया है। सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं के तहत मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, शौचालय, साइनेज, रैंप या व्हीलचेयर, हेल्पडेस्क, मतदाता सुविधा केंद्र, पर्याप्त रोशनी और शेड उपलब्ध कराया जाएगा।

विकलांग व्यक्तियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, विशेष रूप से महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र और मॉडल मतदान केंद्र भी होंगे।

0000000000000000000000